ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने अंतर्विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता 'तरंग' और 'एकलव्य' आयोजित करने का दिया निदेश

पटना, 23 अप्रैल 2019

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री लाल जी टंडन के निदेशानुरूप सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति को अपने विश्वविद्यालय के अन्तर्गत सांस्कृतिक एवं खेलकूद की गतिविधियों को तेज करने को कहा गया है। इस क्रम में, राज्यपाल सचिवालय द्वारा महामहिम राज्यपाल के आदेशालोक में इस वर्ष की अन्तर्विश्वविद्यालयीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता 'तरंग' को पटना में आयोजित कराने का दायित्व पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना को प्रदान किया गया है, जबकि अन्तर्विश्वविद्यालयीय क्रीड़ा–प्रतियोगिता –'एकलव्य' का आयोजन भागलपुर में कराने हेतु तिलकामाँझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति को प्राधिकृत किया गया है।

ज्ञातव्य है कि कई वर्षों से स्थगित इन दोनों प्रतियोगिताओं का आयोजन महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री टंडन ने विगत वर्ष से फिर से शुरू कराया है। विगत वर्ष ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा ने अन्तर्विश्वविद्यालयीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता 'तरंग' का आयोजन नवम्बर महीने में कराया था, जिसमें ल॰ना॰मि॰ विश्वविद्यालय, दरभंगा, पटना विश्वविद्यालय आदि के प्रदर्शन अत्यन्त प्रशंसनीय रहे थे। क्रीड़ा–प्रतियोगिता 'एकलव्य' का आयोजन विगत वर्ष बोधगया में दिसम्बर महीने में मगध विश्वविद्यालय द्वारा कराया गया था।

राज्यपाल सचिवालय ने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति एवं तिलकामाँझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति को निदेशित किया है कि वे विश्वविद्यालयीय अधिकारियों एवं सभी कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ आयोजनगत तैयारियों को लेकर शीघ्र प्रारंभिक बैठक कर लें। साथ ही, निदेश में यह भी कहा गया है कि कॉलेज स्तर पर सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ एवं क्रीड़ा–स्पर्धाएँ आयोजित करने के लिए प्रतियोगिताओं का कैलेण्डर शीघ्र निर्धारित करते हुए सभी कुलपति राजभवन को प्रतिवेदित करें। पहले सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ आयोजित कराने के लिए कार्यक्रम–स्थल एवं विधाओं का भी निर्धारण कर दिया जाये। प्रतियोगिता की तिथियाँ परीक्षा–तिथियों को बचाकर निर्धारित की जायें। राज्यपाल सचिवालय ने कहा है कि देशभक्ति, प्रकृति–वर्णन, लोक संस्कृति, समाज–सुधार आदि विषयों को विशेष रूप से शामिल किया जाये। एकल गीत, समूह गीत, एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकांकी, लोकनृत्य, शास्त्रीय संगीत, भाषण, काव्यपाठ, मोनोड्रामा आदि विधाओं में छात्र–छात्राओं के बीच से कलाकार–प्रतिभाएँ महाविद्यालय स्तर पर पहले चयनित करते हुए अन्तर्विश्वविद्यालयीय 'तरंग' प्रतियोगिता राजधानी पटना में आयोजित करने का निदेश देते हुए राज्यपाल सचिवालय द्वारा कहा गया है कि 'तरंग' प्रतियोगिता के जरिये बिहार की सांस्कृतिक विरासत एवं समृद्धि को प्रदर्शित करना प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए।

आगे पृष्ठ... 2 पर

क्रीड़ा–प्रतियोगिता –एकलव्य' को भागलपुर में आयोजित कराने के पूर्व खेलकूद प्रतियोगिताएँ भी पहले महाविद्यालय स्तर पर सम्पन्न होंगी।

राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह ने बताया कि राजभवन में आयोजित होनेवाली कुलपतियों की आगामी बैठक में समीक्षा के प्रमुख विन्दुओं के तौर पर इन दोनों प्रतियोगिताओं के आयोजन को शामिल किया जायेगा। संबंधित दोनों कुलपतियों को कहा गया है कि वे अपने यहाँ पहले बैठकें कर कुलपति–बैठक में मुख्य प्रतियोगिताओं के लिए सम्यक विचारार्थ आयोजन की तिथियाँ प्रस्तावित करें।

....